## TO CONVERT CURRENT CASH ACCOUNTING SYSTEM

**792. SHRI NARENDER GUPTA, M.L.A.:** Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state:-

a) the status of implementation of conversion of Current Cash Accounting System into Double Entry Accrual System of accounting of Municipal Bodies of State;

b) whether any tender has been floated by the Government in the aforesaid matter so far, if so, the time by which the work mentioned in tender likely to be started/completed; and

c) if not, the time by which aforesaid tender is likely to be floated?

## DR. KAMAL GUPTA, URBAN LOCAL BODIES MINISTER

**a)** Department has already started the activities for conversion of Cash based Manual Accounting System into Accrual Based Double Entry Accounting System (ABDEAS) for Municipal Bodies falling in the State of Haryana.

Multiple activities are involved in implementation of ABDEAS. The point-wise status of these activities is as follows :-

(i) The Chart of Accounts (list of uniform coding structure) has been finalized and approved.

(ii) Amendments in Municipal Account Code, 1930 is in progress.

(iii) The E-Governments Foundation (Not for Profit Trust) has been engaged for providing the software free of cost. Department has signed a non-commercial Memorandum of Understanding (MoU) with E-Governments Foundation. Department is customizing the said software with its own resources.

**b)** The following tenders have been floated in this matter:

(i) Tender for selection of Centralized Software was invited in the year 2019.

(ii) The tender for on-boarding of CA Firms was invited in the year 2019 and the same was re-tendered in the year 2021. None of the tenders mentioned at point (i) & (ii) above were finalised.

The implementation strategy was reconsidered by the department and an MoU was signed on 21st December, 2020 with E-Governments Foundation for providing the software free of cost.

**c)** As explained in reply of (b) above, at present there is no requirement for floating any tender in this regard by the Government.

## वर्तमान नकद लेखांकन प्रणाली को परिवर्तित करना

792. **श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम.एल.ए.:** क्या भाहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में नगर निकायों के करंट कै ा अकॉउंटिंग सिस्टम को डबल एंट्री एक्रूवल सिस्टम मे परिवर्तन करने के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त मामले में सरकार द्वारा अभी तक कोई निविदा जारी की गई है; यदि हां, तो निविदा में वर्णित कार्य कब तक आरंभ/पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उक्त निविदा कब तक जारी किए जाने की संभावना है;

**डा0 कमल गुप्ता, भाहरी स्थानीय निकाय मंत्री।**

(क) विभाग ने हरियाणा राज्य में आने वाले नगर निकायों के लिए करंट कै ा अकॉउंटिंग सिस्टम को एक्रूवल बेस्ड़ डबल एंट्री अकाउंटिंग सिस्टम (ए0बी0डी0ई0ए0एस0) में परिवर्तित करने की गतिविधियाँ पहले ही शुरू की हुई हैं।

ए0बी0डी0ई0ए0एस0 के कार्यान्वयन में कई गतिविधियाँ शामिल हैं। इन गतिविधियों की बिंदुवार स्थिति इस प्रकार हैः–

(i) लेखा सारणी (समान कोडिंग संरचना की सूची) को अंतिम रूप देने उपरांत अनुमोदित कर दिया गया है।

(ii) नगर लेखा संहिता, 1930 में संशोधन का कार्य प्रगति पर है।

(iii) सॉफ्टवेयर मुफ्त में उपलब्ध कराने के लिए ई–गवर्नमैटस फाउंडेशन (नॉट फॉर प्रॉफिट ट्रस्ट) को लगाया गया है। विभाग ने ई–गवर्नमैटस फाउंडेशन के साथ एक गैर–वाणिज्यिक समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) पर हस्ताक्षर किए हैं। विभाग उक्त सॉफ्टवेयर को अपने संसाधनों से अनुकूलित कर रहा है।

(ख) इस मामले में निम्नलिखित निविदाएं जारी की गई हैंः–

(i) वर्ष 2019 में केंद्रीकृत सॉफ्टवेयर के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी।

(ii) सीए फर्मों की ऑनबोर्डिंग के लिए वर्ष 2019 में निविदा आमंत्रित की गई थी और इस बारे वर्ष 2021 में पुनः निविदा आमंत्रित की गई थी। उपरोक्त बिंदु (i) तथा (ii) में वर्णित किसी भी निविदा को अंतिम रूप नहीं दिया गया था।

विभाग द्वारा कार्यान्वयन रणनीति पर पुनर्विचार किया गया और 21 दिसंबर, 2020 को ई–गवर्नमेंट फाउंडेशन के साथ मुफ्त सॉफ्टवेयर प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

(ग) जैसा कि ऊपर (ख) के उत्तर में बताया गया है, वर्तमान में सरकार द्वारा इस संबंध में किसी भी निविदा को जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है।